**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 30.05.2020

# कोविड–19 समीक्षा में गर्ल्स कॉलेज की रूचि शर्मा शामिल

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवक कु. रूचि शर्मा का चयन 1 जून को होने वाली कोविड–19 समीक्षा मीटिंग में हुआ है।

भारत सरकार ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सचिव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कोविड–19 में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की जावेगी।

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस 'ऑनलाईन मीटिंग' में रूचि शर्मा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेगी। भोपाल स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निर्देशालय के निर्देशक ने इस संबंध में कार्यक्रम की सूचना जारी की है।

रूचि शर्मा ने इसके पूर्व भी राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रमों में सहभागिता दी है। उनका चयन राष्ट्रीय युवा संसंद के लिए भी हुआ था।

इसी तरह हेमचंद यादव विश्वविद्यालय की स्थावना दिवस पर आयोजित ऑनलाईन निबंध स्पर्धा **''कोरोना महामारी की चुनौतियों से निपटने में उच्च शिक्षा का समग्र प्रयास''** में महाविद्यालय की छात्रा कु. भूमिका तिवारी ने प्रथम पांच प्रतियोगियों में शामिल है।

रूचि एवं भूमिका की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल एवं रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुचित्रा खोब्रागढ़े तथा महाविद्यालय परिवार ने बधाई दी है।





**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 06.07.2020

## गर्ल्स कॉलेज में पौधरोपण समारोह
## घर–घर में लगाए पौधे

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'हरियर–दुर्ग' अभियान के अंतर्गत आज वृहद पैमाने पर पौधरोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा महाविद्यालय की ग्रीन आर्मी द्वारा संयुक्त रूप से इस अभियान को वर्ष भर चलाने का संकल्प लिया जिसमें पौधरोपण के साथ उनकी रक्षा करने का भी दायित्व लिया।

परिसर में किए पौधरोपण समारोह की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा थी।

उन्होनें पौधरोण किया और उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ग्रीन आर्मी की छात्राओं तथा प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'पर्यावरण' की सुरक्षा करना एवं हरियाली का कितना महत्व है यह हम सबने लॉक डाऊन काल में प्रत्यक्ष अनुभव किया है। हमें दुर्ग को हरा–भरा और सुंदर बनाना है यह कार्य जन सहयोग से ही संभव है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी तथा प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने भी पौधे लगाए।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने बताया कि 'वन होम वन ट्री' के अंतर्गत भी हम सभी ने अपने घरो एवं आसपास में पौधे लगाए है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ग्रीन आर्मी की छात्राओं के साथ प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 13.07.2020

# गर्ल्स कॉलेज की डॉ. निसरीन हुसैन को बेस्ट साईंटिस्ट अवार्ड

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के प्राणिशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. निसरीन हुसैन को शोध एवं विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट साईंटिस्ट 2019 के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

यह सम्मान उन्हें आईएफआरएफ द्वारा 11 जुलाई 2020 को आयोजित एकेडेमिक एक्सीलेन्स डिजिटल अवार्ड समारोह में प्रदान किया गया जो कि उच्च शिक्षा एवं शोधक्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य हेतु दिया जाता है।


महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने उन्हें इस उल्लेखनीय सम्मान हेतु शुभकामनाएँ प्रगट की है। डॉ. निसरीन के इस सम्मान के पीछे उनके लगातार शोध हेतु किये गये अथक परिश्रम किये हैं। उनके लगभग 40 से अधिक शोधपत्र एवं आलेख विभिन्न शोध पत्रिकाओं ने प्रकाशित हो चुके हैं जो कि अन्तर्राष्ट्रीय मानकों पर सिद्ध हैं एवं उनकी 05 पुस्तकों का भी प्रकाशन हो चुका है, जो मूलतः एण्टी–ऑक्सीडेन्ट और मेडिशनल प्लांट पर केन्द्रित है।


डॉ. निसरीन हुसैन अनेक अकादमिक संस्थानों की आजीवन सदस्य है एवं अंतर्राष्ट्रीय–राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं के संपादक मण्डल पर सुशोभित है। इसके अतिरिक्त उन्होनें यूजीसी के माइनर प्रोजेक्ट पर काम किया है एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी का संयोजन भी किया है। अपनी इस सफलता के लिये ईश्वर को नमन को करते हुए उन्होनें डायरेक्टर–आईएमआरएफ, डॉ. डी.बी. रत्नाकर, डॉ. भास्कर रेड्डी, डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव, डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव(प्रमुख संपादक, आईजेएसआर) के साथ ही विशेष तौर पर अपने पतिदेव श्री मुस्ताक अहमद एवं परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

### गर्ल्स कॉलेज की डॉ. निसरीन हुसैन को बेस्ट साईंटिस्ट अवार्ड





# गर्ल्स कॉलेज में जल संरक्षण पर प्रश्नोत्तरी

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में कोविड–19 लॉकडाऊन काल में अनेक रचनात्मक एवं बुद्धिकौशल पूर्ण कार्य छात्राओं द्वारा कराया गया, जिसके अंतर्गत प्रश्नोत्तरी, एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब का गठन पर्यावरण एवं जल संवर्धन जैसी गतिविधियाँ सम्मिलित है।

इसी तत्वाधान में महाविद्यालय के एक्वा क्लब एवं रसायनशास्त्र विभाग द्वारा जल संरक्षण पर ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। राष्ट्रीय स्तर की इस ऑनलाईन प्रश्नोत्तरी में गूगल फॉर्म के माध्यम से 15 प्रश्न पूछे गये।

संयोजक डॉ. सुनीता गुप्ता ने बताया कि इसमें लगभग 650 अध्यापकों/छात्र–छात्राओं ने भागीदारी की, जिन्हें ई–सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा इस संक्रमणकाल में इस तरह के ज्ञानवर्धक कार्य लोगों का मनोबल बढ़ाने में सहायक होंगे।

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 17.08.2020

# गर्ल्स कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में नये सत्र में प्रवेश हेतु स्नातक प्रथम वर्ष की प्रवेश सूची आज निकाली गयी। महाविद्यालय की वेबसाईट एवं सूचना पटल में सूची उपलब्ध है। महाविद्यालय में बी.ए. भाग–1 में 350, बी.कॉम. भाग–1 में 370, बी.कॉम. कम्प्यूटर एप्लीकेशन में 40, बी.एससी भाग–1 गणित में 100, बायो में 150, माइक्रो बायलॉजी में 30, कम्प्यूटर साईंस में 40, बी.एससी. गृह विज्ञान में 60 सीटें है। इस वर्ष प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि प्रथम सूची जारी कर दी गयी है जिसमें बी.कॉम. में कट ऑफ **75** , बी.एससी. बायो में कटऑफ **81** , गणित में **81** तथा बी.ए. में कटऑफ **72** गया है। 25 अगस्त तक प्रथम सूची में आवेदकों को प्रवेश लेना है। इसके बाद द्वितीय सूची जारी की जावेगी।

प्रवेश हेतु महाविद्यालय में कोविड–19 के लिए जारी शासन के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। परिसर में प्रवेश हेतु मॉस्क अनिवार्य है। वहीं थर्मल स्क्रिनिंग एवं सेनीटाईजेशन की व्यवस्था की गयी है। प्रवेश संबंधी जानकारी के लिए हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गयी है।



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 27.08.2020

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने बाजी मारी

छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण काउंसिल के तत्वाधान में रेड रिबन क्लब छत्तीसगढ़ इकाई के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 'यूथ एंगेजमेन्ट फॉर ग्लोबल एक्शन' के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित की गई। कोविड के कारण वर्चुअल प्रतियोगिताएँ करायी गयी। जिसमें प्रदेश के 243 छात्र–छात्राओं ने सहभागिता दी।

यूथ रेडक्रॉस इकाई की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि चार श्रेणी में ये प्रतियोगिताएँ हुई जिसमें मॉस्क डिजाईनिंग, पेंटिंग, शार्ट विडियो एवं एनीमेशन से संबंधित थी।

गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।


मॉस्क डिजाईनिंग में बी.एससी. गृहविज्ञान की कु. आरती यादव ने तथा एनीमेशन से संबंधित प्रतियोगिता में बी.एससी. भाग–2 की निकिता साहू ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

दोनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने तथा प्राध्यापकों ने बधाई दी है। रेडरिबन की गतिविधियों में उल्लेखनीय भूमिका के लिए गर्ल्स कॉलेज इकाई को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया जा चुका है।

| | |
|---|---|
|  |  |
| कु. आरती यादव | कु. निकिता साहू |




मॉस्क डिजाईनिंग




एनीमेशन

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 03.09.2020

# गर्ल्स कॉलेज में
# पोषण माह में ऑनलाईन प्रतियोगितायें आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की स्नातकोत्तर गृहविज्ञान विभाग के तत्वाधान में सितम्बर माह में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत विद्यार्थियों के लिये विभिन्न ऑनलाईन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी है। विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने जानकारी देते हुए बताया कि पोषण माह के अवसर पर ऑनलाईन पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिसका विषय **''गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान''** रखा गया है। इस विषय पर पोस्टर बनाकर उसकी फोटो भेजना है।

इसके अतिरिक्त **''पोषण के लिये पौधे''** अभियान भी प्रारम्भ किया गया है। जिसमें विद्यार्थियों को अपने घर पर किसी सब्जी या फल का पौधा लगाना है। जैसे– अमरूद, जामुन, आंवला, तुलसी, मुनगा, पालक, टमाटर, मिर्चि, मीठानीम इत्यादि तथा इन पौधों से प्राप्त होने वाले पोषक तत्वों की जानकारी देते हुए 01 मिनट का विडियो भी व्हाट्सप नम्बर पर भेजना है।

डॉ. सहगल ने बताया कि महाविद्यालय की वेबसाईट में पूरी जानकारी दी गई है। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 09 सितम्बर है तथा प्रवेश निःशुल्क रखा गया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह का प्रमुख उद्देश्य गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान तथा उनकी उत्तरजीविता में सुधार हेतु उपयुक्त आहार दिया जाना इसका उद्देश्य है साथ ही पौष्टि सब्जियाँ एवं फलदार पौधों का रोपण करने हेतु अभियान चलाया जा रहा है। महाविद्यालय के द्वारा भी जन–जागरूकता के लिये विभिन्न आयोजन किये जा रहे है।




कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.09.2020

## गर्ल्स कॉलेज में

## ऑनलाईन काउन्सलिंग आयोजित

## विद्यार्थियों के कॅरियर का महत्वूपर्ण दौर है :– डॉ. शमा हमदानी

शासकीय डॉ.वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में छात्राओं के लिए ऑनलाईन काउंसिलिंग आयोजित की गयी।

वर्तमान परिस्थितियों में विद्यार्थियों/युवा वर्ग में व्याप्त चिंता, असुरक्षा, निराशा एवं अनिश्चितता को देखते हुए उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान करने काउंसिलिंग सत्र का आयोजन किया गया।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वैश्विक महामारी के संक्रमण काल में हमारे विद्यार्थियों के बीच जो अनिश्चितता एवं भय का वातावरण बन गया है जिससे उनमें क्रोध एवं चिड़िचिड़ापन आ गया है। जब हम कठिन समय से गुजरते है तो इन समस्याओं से मुकाबला करने के लिए हिम्मत और साहस–धैर्य की आवश्यकता पड़ती है। यदि उचित मार्गदर्शन मिल जाए तो सफलता सुनिश्चित हो जाती है।

इस काउंसिलिंग सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं को हिम्मत और साहस के साथ विषम परिस्थितियों का मुकाबला करते हुए अपने परिवार का भी ध्यान रखने को कहा।

विषय–विशेषज्ञ एवं काउंसलर डॉ. शमा हमदानी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों के कॅरियर का महत्वपूर्ण दौर है यहाँ निराश नहीं होना है।

उन्होनें विभिन्न समस्याओं के समाधान बताते हुए कहा कि परिवार के साथ समय बिताये तथा अपनी समस्याओं को शेयर करें।

अपने मानसिक स्वास्थ्य को उचित महत्व दें। यदि आवश्यक हो तो काउंसलर या अपने शिक्षक से अपनी समस्याओं को सांझा करे और मार्गदर्शन ले। महाविद्यालय की छात्रा पायल साहू ने ऑनलाईन कक्षाओं को लेकर अपनी चिंता बताई। बीएससी की छात्रा आरती यादव ने परीक्षा से संबंधित प्रश्न किए। जया पाण्डेय ने काउंसलर से पूछा कि घर पर रहकर समय का सार्थक उपयोग कैसे करें।

अधिकांश छात्राओं ने कहा सबसे बड़ी समस्या घर इतने लंबे समय से रहने पर बोर लगता है इसके समाधान में एक्सपर्ट ने अनेक रूचिकर उपाय बताए। इस काउंसिलिंग सत्र में अभिभावकों ने भी भगीदारी की।

अधिवक्ता शकील सिद्दकी ने इस सत्र के लिए बधाई देते हुए इसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होनें कहा कि हम सभी अपने बच्चों को लेकर चिंतित है। उनके कॅरियर की चिंता हमें भी परेशान करती है। काउंसलर ने उन्होनें धैर्य और साहस के साथ अपने एवं बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए जागरूक रहने की सलाह दी एवं टिप्स दिए।

डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारियों एवं मार्गदर्शन से संबंधित विडियो एवं जानकारी महाविद्यालय की वेबसाईट में भी उपलब्ध करायी गयी है। महाविद्यालय द्वारा नियमित रूप से विभिन्न ऑनलाईन प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की जा रही है। काउंसिलिंग सत्र में महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने भी हिस्सा लिया।


# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग

<u>गर्ल्स कॉलेज में</u>

## ऑनलाईन काउन्सलिंग आयोजित

## विद्यार्थियों के कॅरियर का महत्वूपर्ण दौर है :– डॉ. शमा



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.09.2020

## गर्ल्स कॉलेज में
# वर्चुअल शिक्षक दिवस समारोह आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में कोरोना संक्रमण काल की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष वर्चुअल तरीके से शिक्षक दिवस समारोह आयोजित किया गया।

यूजीसी द्वारा द्वारा इस वर्ष **'शिक्षक हमारे प्रेरणास्त्रोत'** और **'भारत के शिक्षक'** विषय पर आयोजन करने के निर्देश दिये गये थे। ऑनलाइन आयोजित इस समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ दीपक कारकून थे। जिन्होंने कहा कि यह समय धैर्य बनाये रखने का है, हम सभी आवश्यक बचाव करते रहें इस विषम पारिस्थिति में ऑनलाइन शिक्षण के जो प्रयास किये जा रहे वे बेहद सराहनीय हैं। आप सभी इस हेतु बेहतर प्रयास कर रहे हैं।


महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऑनलाईन शिक्षण व्यवस्था के जरिए हमें विद्यार्थियों के कॅरियर के महत्वपूर्ण समय को उपयोगी बनाना है। विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन एवं सलाह की आवश्यकता है। उन्होनें विद्यार्थियों को भी साहस एवं धैर्य के साथ अपने अध्ययन को जारी रखना है वे निराश न हो समय–समय पर अपने शिक्षकों से परामर्श लेते रहें।

वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जिक्र करते हुए उनके शिक्षको के प्रति सम्मान को बताया। अपनी बातों को कम शब्दों में कहना उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी और उन्होंने कहा की जिनसे से भी हमने इस जीवन में कुछ सीखा है उनके प्रति धन्यवाद करें।

विज्ञान संकायप्रमुख डॉ. आरती गुप्ता ने कहा गुरुजन ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनके शिल्प से मिट्टी रूपी शिष्य एक लाजवाब मूर्ति में बदल जाता है, उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन में घटित एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि किस तरह उन्होंने अपने वरिष्ठ से समय की पाबंदी सीखी।

रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि आज के इस विशेष दिन पर छात्राओं के लिए काउंसिलिंग सेशन वेबिनार के माध्यम से रखा गया था जिसमे छात्राओं ने कहा वे महाविद्यालय खुलने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं हालाँकि वर्तमान परिस्थिति से चिंतित भी है।

रासेयो प्रभारी एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने कहा इस समय ने हमे बहुत कुछ सिखा दिया है आगे भी इस संक्रमण का सामना एकजुटता से करना होगा इसके साथ ही उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ऋचा ठाकुर ने किया।



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 10.09.2020

## गर्ल्स कॉलेज की
# डॉ. निसरीन को डॉ. राधाकृष्णन आवार्ड

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के प्राणीशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. निसरीन हुसैन को शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ. राधाकृष्णन आवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान ग्लोबल एजुकेशनल आवार्ड 2020 एवं ईएसएन पब्लिकेशन के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्ष दिया जाता है।

शिक्षा, शोध और प्रकाशन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ. निसरीन हुसैन को शोधक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उनके शोध पत्रों के प्रकाशन एवं पुस्तकों के लिए चुना गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने एवं प्राध्यापकों ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई है।

डॉ. निसरीन न केवल कुशल प्राध्यापक है बल्कि उनके द्वारा कोविड–19 के विद्यार्थियों के लिए बनाए गए विडियो लेक्चर भी काफी लोकप्रिय है। वे विद्यार्थियों के लिए निरंतर नवाचार के लिए कार्य करती है जिसके लिए उन्हें कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

डॉ. निसरीन ने अपने कॅरियर कर महत्वपूर्ण सफलताओं का श्रेय अपने पति श्री मुश्ताक हुसैन को दिया है।



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 17.09.2020

# गर्ल्स कॉलेज में 860 सीटों पर प्रवेश
# वाणिज्य और कम्प्यूटर साईंस में रूचि ज्यादा

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में स्नातक प्रथम वर्ष की 860 सीटों पर 15 सितंबर तक छात्राओं ने प्रवेश लिया। महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में 1140 सीटें है।

प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि इस वर्ष भी छात्राओं में प्रवेश के लिए उत्साह बना हुआ है।

महाविद्यालय में इसी सत्र में प्रारंभ हुए बी.एससी कम्प्यूटर साईंस की सभी सीटों में प्रवेश हो गया है। वहीं बी.एससी. गृहविज्ञान तथा माइक्रोबॉयलॉजी की भी सभी सीटें भर गयी है।

बी.ए. प्रथम वर्ष तथा बी.एससी. गणित में इस वर्ष प्रवेश कम हुआ है केवल 60 प्रतिशत सीटें ही भर पाई है।

महाविद्यालय में स्नातक अंतिम वर्ष एवं अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इन कक्षाओं के प्रश्नपत्र महाविद्यालय की वेबसाईट में उपलब्ध कराए गए है वहीं व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से भी छात्राओं को परीक्षा संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है।

इस वर्ष नवप्रवेशित छात्राओं के लिए ऑनलाईन इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। नये सत्र में ऑनलाईन कक्षाओं की तैयारी महाविद्यालय द्वारा की जा रही है। इसके लिए प्राध्यापकों के प्रशिक्षण के दो सत्र आयोजित किए जा चुके है।



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602


दुर्ग, दिनांक : 22.09.2020

## गर्ल्स कॉलेज में

# राष्ट्रीय पोषण माह में प्रतियोगिताएँ आयोजित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग द्वारा सितंबर माह को पोषण माह के रूप में मनाया गया। वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सभी प्रतियोगितायें डिजिटल ऑनलाईन रखी गई। राष्ट्रीय पोषण माह 2020 मुख्य रूप से ''गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान'' एवं ''पोषण के लिये पौधे'' अभियान पर केंद्रित रखा गया है। गृहविज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने बताया कि महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग द्वारा इन विषयों को केन्द्र में रखकर – गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान पर पोस्टर प्रतियोगिता रखी गई जिसे फोटो के माध्यम से भेजा गया। वहीं पोषण के लिए पौधे विषय पर अपने घर पर पोषक तत्व से भरपूर सब्जी या फल का पौधा लगाते हुए उसे वीडियो के माध्यम से संप्रेषित किया जाना था।

अंतर्महाविद्यालयीन स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता हेतु छात्राओं में बहुत उत्साह दिखाई पड़ा और लगभग 60 छात्र–छात्राओं ने इसमें भाग लिया।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम कु. यामिनी साहू (बी.एससी. गृहविज्ञान भाग–1) शास. डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग, द्वितीय – श्री वेदप्रकाश (बी.एससी. बायो भाग–1) शासकीय महाविद्यालय बेलौदी एवं कु. पूर्णिमा (बी.एससी. बायो–2) तृतीय मेनका साहू (बी.एससी.भाग–2) शास. डॉ. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग रहीं। वहीं कु. धनेश्वरी (बी.एससी. गृहविज्ञान–2) कन्या महाविद्यालय दुर्ग को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।


पोषक पौधारोपण वीडियो प्रतियोगिता में (एम.एससी गृहविज्ञान–2 सेमे.) की छात्रा कु. प्रतीक्षा तुवानी (कन्या महाविद्यालय, दुर्ग) एवं तनु जाल (एम.एससी गृहविज्ञान–2 सेमे.) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर रही (एम.एससी गृहविज्ञान–4 सेमे.) की छात्रा कु. अनिंदिता बिश्वास। तृतीय स्थान पर दो छात्रायें भारती बघेल (बी.एससी गृहविज्ञान–2) एवं सीमा यादव (बी.एससी गृहविज्ञान–2) कन्या महाविद्यालय दुर्ग रहीं। वहीं कु. तेजस्विनी एम.–2 सेम. गृहविज्ञान और ज्योति यादव (बी.एससी. गृहविज्ञान भाग–2) को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि मानव शरीर को स्वस्थ बनाये रखने में पोषक तत्व अति महत्वपूर्ण है। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्र–छात्राओं में भी जागरूकता आयेगी। मुझे बेहद खुशी है कि इस गंभीर परिस्थिति के समय भी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक इसमें हिस्सा लिया।

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग

गर्ल्स कॉलेज में

## राष्ट्रीय पोषण माह में प्रतियोगिताएँ आयोजित






कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.09.2020

## गर्ल्स कॉलेज में
# ऑनलाईन स्पर्धाओं के परिणाम घोषित

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में पुस्तकालय एवं सूचना विभाग के द्वारा अर्न्तमहाविद्यालयीन निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

ग्रंथपाल डॉ. रीता शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस.आर. रंगनाथन की जयंती के अवसर पर पुस्तकालय एवं सूचनाओं के महत्व पर आधारित निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसके परिणाम रहे – निबंध प्रतियोगिता में कु. छाया सोनी तथा कु. प्रज्ञा मिश्रा एवं ऊषा तारिणी क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान में रही, पोस्टर प्रतियोगिता में कु. वंदना सेंगर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि कु. आकांक्षा ठाकुर एवं स्वाति जैन ने द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाया।

ये प्रतियोगिताएँ ऑनलाईन आयोजित की गयी। सभी प्रतिभागियों को ई–सर्टिफिकेट दिए गए। विशेष पुरस्कार के तहत डॉ. सारिका टण्डन एवं कु. गोमती मारकण्डे, कु. रूपाली देशमुख का चयन किया गया।


म्हाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने सभी छात्राओं को बधाई दी है।

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग

गर्ल्स कॉलेज में

## ऑनलाईन स्पर्धाओं के परिणाम घोषित





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 13.10.2020

## गर्ल्स कॉलेज में
## छत पर खेती में रोजगार के अवसर

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग द्वारा "न्यू ट्रेंड्ज फॉर कैरीअर : रूफ टॉप ऑर्गानिक फॉर्मिंग" (छत पर खेती में रोजगार के अवसर) पर वेबीनार का आयोजन किया गया।

प्रभारी डॉ. रेश्मा लाकेश ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं को छत पर खेती करने हेतु जागरुक एवं प्रेरित करना है। कोविड–19 के कारण युवा उपलब्ध साधनों एवं घर से ही कार्य एवं व्यवसाय कर सकते हे और औषधीय पौधे, जड़ी–बूटियाँ, मसाले, फूल, घरेलू पौधे, फल–सब्जियों का क्रय – विक्रय एवं गार्डन कन्सल्टेंट एवं डिजाइनर भी बन सकते है।

प्राचार्य डॉ. सुशील चंद्र तिवारी ने अपने उदबोधन में कहा की वेबीनार की श्रृंखला हमारे स्वास्थ्य पर केंद्रित है, जिसमें शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य शामिल है। फल–सब्जियों में प्रयुक्त रसायन स्लो पाईजन का कार्य करते है, छत पर खेती से ना सिर्फ सुरक्षित ऑर्गेनिक फल–सब्जियाँ प्राप्त होती, साथ ही ये समय का उचित उपयोग एवं सुकून प्रदान करता है।

प्रमुख वक्ता श्री प्रतीक तिवारी सी.ई.ओ. लिविंग ग्रीन्स, जयपुर ने बताया की शहर के घरों की खाली पड़ी छतों पर ऑर्गेनिक फॉर्मिंग करके लोगों की सब्जियों की अवश्यकता को पूरा कर सकते हैं एवं युवा ना सिर्फ अपनी व्यक्तिगत उपयोग हेतु अपितु व्यवसाय के रूप में इसे अपना सकते हैं, जिसके लिए उचित प्रशिक्षण भी उपलब्ध है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों के प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया ।

छत पर खेती की उन्नत तकनीक एवं नवाचार तरीकों पर चर्चा करने हेतु आयोजित इस वेबीनार में छात्र– छात्राएँ, प्राध्यापक, गृहणियाँ, बिल्डर्ज आदि शामिल हुए।

कार्यक्रम के अंत में श्रीमती ज्योति भरणे ने आभार प्रदर्शित किया।




E:\bacup e\website cover\ Activities During COVID-Pandemic

**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 15.10.2020

# गर्ल्स कॉलेज में
# टेलेन्ट शो स्पर्धा आयोजित

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में टेलेन्ट शो स्पर्धा का ऑनलाईन प्लेटफॉर्म में आयोजन किया गया। जिसमें देश के विभिन्न स्थानों से 65 प्रतिभागियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

स्पर्धा की संयोजक डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं की कौशल कला एवं आत्मनिर्भरता के अवसर तथा उन्हें प्रोत्साहन प्रदान करना था। इस प्रतियोगिता में पुरानी सामग्रियों को बेहतर प्रयोग कर नया लुक व उपयोगिता प्रदान की गयी।

इसमें 3 केटेगरी रखी गयी थी जिसमें पुरानी साड़ी चुन्नी, जीन्स और टी–शर्ट श्रेणी थी। महाविद्यालय में प्रति वर्ष गृहविज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं द्वारा बनाई गयी वस्तुओं की कला–प्रदर्शनी का विशाल आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष कोविड–19 के कारण ऑनलाईन मोड पर इसे प्रतियोगिता के रूप में आयोजित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि कौशल विकास एवं स्वरोजगार की दिशा में इस तरह के आयोजन बेहतर परिणाम देते है। पढ़ाई के साथ–साथ विद्यार्थियों के हुनर को प्रोत्साहित करना आज के समय की महती आवश्यकता है।

इस स्पर्धा में विजेताओं की घोषणा की गई जिसमें पुरानी साड़ी से निर्मित वस्तुओं में प्रथम स्थान पर शास. इंदुर केंवट कन्या महाविद्यालय कांकेर की कु. दुर्गेश्वरी मरकाम एवं कन्या महाविद्यालय दुर्ग की कु. निकिता साहू रही, द्वितीय स्थान पर शास. राधाबाई नवीन कन्या महाविद्यालय रायपुर की कु. आयुषी सोनी तथा निधि यादव (कन्या महाविद्यालय, दुर्ग) एवं सोनम सेन (कन्या महाविद्यालय, दुर्ग) रही।

द्वितीय केटेगरी मे पुरानी जिंस से बनी सामग्री में प्रथम स्थान खुश्बू साहू शास. डी.बी. गर्ल्स कॉलेज रायपुर तथा द्वितीय स्थान पर इसी महाविद्यालय की कु. रूपाली देवांगन रही।

पुरानी टी–शर्ट केटेगरी में शिवकली मिरी, कन्या महाविद्यालय, दुर्ग प्रथम तथा शास. नेहरू पीजी महाविद्यालय, डोंगरगढ़ की कु. शुभांगी द्वितीय स्थान पर रही।

इस स्पर्धा में एक भारत श्रेष्ठ भारत क्लब अहमदाबाद की कु. धारवी मेहता कन्या पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अहमदाबाद को विशेष पुरस्कार दिया गया।

डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि बड़ी संख्या में छात्राओं ने भागीदारी की। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने बधाई दी है।

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग

गर्ल्स कॉलेज में

## टेलेन्ट शो स्पर्धा आयोजित











E:\bacup e\website cover\ Activities During COVID-Pandemic

# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
## केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602


दुर्ग, दिनांक : 30.10.2020

## गर्ल्स कॉलेज में
## गरबा स्पर्धा आयोजित

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में प्रतिवर्ष नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गरबा नृत्य कार्यक्रम ''देशी डे'' का आयोजन किया जाता है।

इस वर्ष यह कार्यक्रम ऑनलाईन एकल गरबा नृत्य स्पर्धा के रूप में आयोजित किया गया। महाविद्यालय के नृत्य विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने की।

मुख्यअतिथि श्रीमती मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को युवा पीढ़ी तक पहुँचाना और संरक्षित रखना हमारा कर्त्तव्य है। इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों का आत्मबल बढ़ाने में सहायक होते है।

प्राचार्य डॉ. तिवारी ने आयोजन की प्रसंशा करते हुए कहा कि गरबा स्पर्धा एवं माटी शिल्प कार्यशाला महाविद्यालय की पहचान बन गयी है। हर संकाय की छात्राएँ इसमें बड़ी संख्या में उत्साह से भाग लेती है जो शैक्षणेत्तर गतिविधियों की सफलता को इंगित करता है। डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना और छात्राओं के उत्साह को बढ़ाना इन आयोजनों की वास्तविकता है।

संयोजक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि ऑनलाईन प्लेटफार्म पर आयोजित इस स्पर्धा से बहुत से लोगों को इससे जुड़ने का अवसर मिला है। बड़ी संख्या में छात्राओं की सहभागिता से निर्णायकों को चुनाव करने में अच्छी खासी मेहनत करनी पड़ी। इस स्पर्धा में कोरोना के संदेश को भी शामिल किया गया।

इस कार्यक्रम का विशेषता थी कि ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' के अन्तर्गत महाविद्यालय के जोड़ीदार राज्य गुजरात के शासकीय महिला पॉलिटेक्नीक, अहमदाबाद (गुजरात) की छात्राओं ने अपनी विशेष प्रस्तुति दी।

प्रतियोगिता में प्रथम कु. शारदा यादव, द्वितीय कु. प्रियंका चांदवानी एवं तृतीय कु. अपूर्वा दीक्षित रहीं। वहीं कोरोना संदेश गरबा के माध्यम से देने के लिए विशेष पुरस्कार कु. विभा कसेर को दिया गया।

सांत्वना पुरस्कार में कु. काजल, कु. निकिता, कु. प्रियंका, कु. विजयलक्ष्मी, कु. शिवानी तापड़िया का चयन किया गया। सभी प्रतिभागियों को ई–प्रमाणपत्र दिया गया।


आभार प्रदर्शन करते हुए डॉ. रेशमा लाकेश ने कहा कि छात्राओं में ऊर्जा और प्रतिभा को उभारने यह प्रयास सराहनीय रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में प्राध्यापक, छात्राएँ जुड़ी।

# शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग

गर्ल्स कॉलेज में

## गरबा स्पर्धा आयोजित





कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 18.11.2020

# गर्ल्स कॉलेज की डॉ. निसरीन हुसैन सम्मानित

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की प्राणीशास्त्र विभाग की प्रमुख डॉ. निसरीन हुसैन को उनकी अकादमिक एवं शोध गतिविधियों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।

विश्व विज्ञान दिवस के अवसर पर अन्तर्राष्ट्रीय इंडो एशियन प्राणीशास्त्र एवार्ड 2020 के लिए डॉ. निसरीन हुसैन का चयन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय जुलोजिकल फेडेरेशन के द्वारा मलेशिया, थाइलैण्ड, आस्ट्रेलिया में शोध गतिविधियों बढ़ावा देने तथा अन्य देशों के वैज्ञानिकों को जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। प्रतिवर्ष विभिन्न देशों से शोधपत्रों को आमंत्रित कर प्राध्यापकों की अकादमिक गतिविधियों के साथ मूल्यांकन कर प्रतिभागियों का चयन किया जाता है।

डॉ. निसरीन हुसैन के बहुत से शोधपत्र अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के जर्नल्स में प्रकाशित हुए है वहीं उन्होनें कई किताबें भी लिखी है।

डॉ. निसरीन को अवार्ड मिलने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं प्राध्यापकों ने उन्हें बधाई दी है।

डॉ. निसरीन ने अपनी इस उपलब्धि पर डॉ. दीपक कुमार श्रीवास्तव मुख्य संपादक आई.जे.एस.आर. तथा डॉ. रत्नाकर एवं डॉ. भास्कर रेड्डी के प्रति आभार व्यक्त किया है।



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 19.12.2020

## गर्ल्स कॉलेज में
## रेडरिबन क्लब द्वारा ऑनलाईन प्रतियोगिताएं आयोजित

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के रेडरिबन क्लब के तत्वाधान में एड्स जागरूकता और स्वास्थ्य सुरक्षा पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।

यूथ रेडक्रॉस की प्रभारी डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि एड्स जागरूकता अभियान के लिए महाविद्यालय की इकाई को विगत सत्र में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ था। इस वर्ष यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा बनाई गई शार्ट विडियो फिल्म की सराहना हुई है जिसके लिए कु. सोनम सेन को पुरस्कृत किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने विजयी प्रतिभागी छात्राओं को प्रमाण पत्र दिए।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. आंचल कन्नौजे रही, द्वितीय एवं तृतीस स्थान पर ऐनी धृतलहरे एवं श्रेया पाण्डेय रही।

पोस्टर प्रतियोगिता में कु. रिया बरले प्रथम कु. रोशनी द्वितीय एवं मनीषा गुप्ता तृतीय स्थान पर रही।

स्लोगन प्रतियोगिता में खुश्बू कश्यप प्रथम कु. प्रज्ञा मिश्रा द्वितीय एवं कु. गीतांजली साहू तृतीय स्थान पर रही।

जीआईएफ पर कु. निकिता साहू प्रथम, आरती यादव द्वितीय एवं महिमा चटर्जी को तृतीय स्थान मिला। सभी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 22.12.2020

# स्व. मोतीलाल वोरा को श्रद्धांजली

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्राओं ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मोतीलाल वोरा को विनम्र श्रद्धांजली अर्पित की।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि आदरणीय वोरा जी के द्वारा ही दुर्ग में गर्ल्स कॉलेज की स्थापना की गयी थी। उन्होनें ही भवन तथा महाविद्यालय में विकास की नींव रखी थी। विगत वर्ष उन्होनें सांसद निधि से वाहन स्टैण्ड के लिए भी राशि दी थी।

प्रदेश के ग्रामीण अंचल तक उच्च शिक्षा के विस्तार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। महाविद्यालय परिवार स्व. वोरा के योगदान को सदैव याद रखेगा। महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति मिश्रा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. अमिता सहगल, डॉ. अनिल जैन ने भी स्व. वोरा को अपनी श्रद्धांजली अर्पित करते हुए उन्हें स्मरण किया। इस अवसर पर शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्राएँ उपस्थित थे।



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 12.01.2021

# गर्ल्स कॉलेज में युवा दिवस

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में 12 फरवरी को युवा दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं रेडरिबन क्लब द्वारा विभिन्न आयोजन किए गए। महाविद्यालय परिसर में स्थित स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानन्द जी युवा पीढ़ी के आदर्श है। उनके जीवन से देशप्रेम, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण का संदेश मिलता है।

रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुचित्रा खोब्रागड़े ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। रेडरिबन क्लब की ओर से युवा दिवस पर ऑनलाईन स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयी।

इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. अनिल जैन, डॉ. के.एल. राठी तथा बड़ी संख्या में प्राध्यापक, कर्मचारी, छात्राएँ उपस्थित थे।



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 20.01.2021

## गर्ल्स कॉलेज में
## जल संरक्षण पर विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के एक्वा क्लब द्वारा ''जल संरक्षण'' के प्रति जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं में अत्यधिक उत्साह दिखायी दिया। संयोजक डॉ. सुनीता गुप्ता ने बताया कि छात्राओं के लिए निबंध लेखन, स्लोगन एवं पोस्टर प्रतियोगिता रखी गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि घर पर रहकर अपनी अभिव्यक्ति को उन्होनें नये आयाम प्रदान किये है।

स्लोगन प्रतियोगिता में लगभग 30 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम कु. आंचल कन्नौजे, बी.एससी.–3 (बायो), द्वितीय कु. दुर्गा साहू–बी.एसस.–1(गणित) एवं तृतीय कु. नीलिमा सिरमौर–बी.एससी.–3 (बायो) रहीं।

निबंध प्रतियोगिता में अंग्रेजी में लगभग 14 छात्राओं ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम भोमिका–बी.एससी–3(गणित), द्वितीय कु. निकता–एम.एससी (रसायन)–1सेम. एवं तृतीय कु. सोनल मेश्राम–बी.एससी.–बायो रहीं तथा हिन्दी निबंध में लगभग 22 छात्राओं में कु. रूपा कौशल–एम.एससी–1 सेम. (रसायन)–प्रथम, द्वितीय कु. मंजू ठाकरे–एम.एससी.–3 सेम.(रसायन) एवं कु. माया सोनी बी.एससी.–3 (बायो) तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार कु. हीनल हरदेल बी.एस.–2 की दिव्यांग छात्रा ने प्रापत किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में लगभग 60 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रथम कु. गरिमा देशमुख एम.एससी. (रसायन) –1सेम., द्वितीय कु. प्रिया चंद्राकर बी.एसी.–3(बायो), तृतीय कु. वंदना –बी.एससी–1(बायो) एवं कु. कावेरी बी.एससी–3 (बायो) तथ सांत्वना पुरस्कार – कु. करूण बी.एससी.–3(गणित) एवं कु. कुमकुम साहू–बी.एससी–1 (माइक्रो) ने प्राप्त किया।

इन समस्त प्रतियोगिताओं के लिए डॉ. ऋचा ठाकुर, डॉ. मिलिन्द अमृतफले, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, श्रीमती ज्योति भरणे, श्रीमती साधना पारेख, श्री योगेन्द्र त्रिपाठी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

सभी छात्राओं को प्रमाण–पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये गये।



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 23.01.2021

# गर्ल्स कॉलेज में
# ''कैम्पस न्यूज'' का विमोचन

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग की आई.क्यू.ए.सी. द्वारा प्रकाशित न्यूज लेटर ''कैम्पस न्यूज'' का विमोचन हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की कुलपति डॉ. अरूणा पलटा ने किया ।

महाविद्यालय की अकादमिक एवं शैक्षणेत्तर गतिविधियों पर केन्द्रित कैम्पस न्यूज का प्रकाशन वर्ष में 2 बार किया जाता है।

संपादक डॉ. ऋचा ठाकुर ने बताया कि कैम्पस न्यूज के 5वें अंक में लॉकडाऊन अवधि में आयोजित विभिन्न ऑनलाईन एवं वर्चुअल गतिविधियों को संकलित किया गया है। इस अवधि में छात्राओं के मानसिक स्थिति पर विशेषज्ञों के द्वारा ऑनलाईन काउंसिलिंग की गयी। सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों के आयोजन भी किए गए।

इस अवसर पर कुलपति डॉ. अरूणा पलटा ने कहा इस तरह के प्रकाशन से संस्था के कार्यों की पहचान होती है वहीं विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिलता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने बताया कि कैम्पस न्यूज महाविद्यालय की वेबसाईट में भी उपलब्ध है।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल, डॉ. के.एल. राठी, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, विमल यादव आदि उपस्थित थे।



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08.03.2021

## गर्ल्स कॉलेज में
## महिला दिवस पर आयोजन

शासकीय डा. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में महिला दिवस पर विभिन्न आयोजन किए गए। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि सम्मान, समानता और सजगता के प्रति यह आयोजन समर्पित है। नारी सृजन का रूप हैं और संस्कारों की जननी भी है जिससे एक आदर्श समाज की रचना होती है। उन्होनें पाठ्यक्रम की शिक्षा के साथ ही अपनी छात्राओं को सजगता और निर्भयता का भी ज्ञान कराना आवश्यक है जिसे एक संकल्प के रूप में लें।

वूमेन सेल की संयोजक डॉ. सुषमा यादव ने कहा कि पढ़ी–लिखी महिलाएँ तो अपने अधिकारों से परिचित है पर हमें उन महिलाओं तक जानकारियाँ पहुँचानी है जो इन अधिकारों से अनिभिज्ञ हैं।

डॉ. आरती गुप्ता एवं डॉ. अनिल जैन, डॉ. अल्पना त्रिपाठी ने अपनी कविताएँ प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ. सुनीता गुप्ता एवं शिशिर दर्शन बघेल ने सुमधुर गीत प्रस्तुत किए।

आई.क्यू.ए.सी. की संयोजक डॉ. अमिता सहगल ने नारी का महत्व बतलाते हुए इस वर्ष के महिला दिवस की थीम की चर्चा की। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यशेश्वरी ध्रुव एवं डॉ. सुचित्रा खोब्रागढ़े ने रासेयो की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीण महिलाओं के बीच स्वास्थ्य एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारियाँ पहुँचाने के प्रयास पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रेशमा लाकेश ने किया। अंत में डॉ. लता मेश्राम ने आभार प्रदर्शित किया।



कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 08.03.2021

# ''रजा लय'' का कला वीथिका घासीदास संग्रहालय रायपुर में हुआ शुभारंभ

कला वीथिका घासीदास संग्रहालय रायपुर में चित्रकला विभाग शास.डॉ.वा.वा.पा.कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग और रजा फाउंडेशन नई दिल्ली के तत्वाधान में सैय्यद हैदर रजा के चित्रों के प्रिंट्स की प्रदर्शनी एवं चित्रकला कार्यशाला का शुभारंभ पद्मभूषण तीजन बाई के करकमलों से हुआ। यह प्रदर्शनी 7 मार्च से 9 मार्च 2021 तक कला प्रेमियों के लिये प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक खुली रहेगी।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष योगेंद्र त्रिपाठी ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित रजा के चित्रों की बारीकियो एवं आयोजन के बारे में बताया।

तीजन बाई ने कहा की कला कोई भी हो वह संस्कृति का सरंक्षण करती है, और इस तरह के आयोजन इसका प्रमाण है। उन्होंने अपने संस्मरण भी सुनाए।

इस अवसर पर कला प्रेमी और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सुशील चन्द्र तिवारी एवं प्राध्यापक डॉ. डी. सी. अग्रवाल, ऋचा ठाकुर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनूप रंजन ने किया।



